ARMY INSTITUTE OF EDUCATION

Affiliated to Guru Gobind Singh Indraprastha University, New Delhi
Awarded 'A' Grade by NAAC & JAC | NCTE Recognized | Approved by RCI | ISO Certified Institute
'Institute under the aegis of Army Welfare Education Society (AWES)
Plot M-1, P-5, Sector- Chi, Gr. NOIDA | Ph.: 0120-2343741/ 42 | e-Mail: aie@awesindia.edu.in | www.aie.ac.in

हिंदी दिवस पर कार्यक्रम की रिपोर्ट

दिनांक : – 14 सितंबर 2024

आर्मी इंस्टिट्यूट ऑफ़ एजुकेशन , ग्रेटर नोएडा ने 13 सितंबर 2024 को हिंदी दिवस के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य हिंदी भाषा और साहित्य के महत्व को समझना और प्रचार करना था। इस कार्यक्रम का संचालन डॉ योगेश कुमार (सहायक आचार्य) द्वारा किया गया । प्राचार्या डॉ अभिलाषा गौतम जी ने हिंदी भाषा के महत्व पर एक उत्कृष्ट भाषण दिया और सभी को हिंदी से जुड़ी जिम्मेदारियों का आभास कराया। और हिंदी भाषा की वर्तमान स्थिति पर प्रकाश डालते हुए कुछ काव्य पंक्तियों द्वारा समझाया। कार्यक्रम में हिंदी साहित्य के क्षेत्र में विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें में छात्रों ने हिंदी भाषा में गीत, नृत्य, और कविता पाठ प्रस्तुत किया। इससे हिंदी के प्रति छात्रों की भावनाएं उत्साहित हुईं और सभी ने एक साथ मिलकर कार्यक्रम को सफल बनाया। इस कार्यक्रम में 46 छात्र-छात्राओं का विभिन्न गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी रही और कार्यक्रम के दौरान हिंदी साहित्य के प्रतिष्ठित लेखकों और कवियों के योगदान पर भी प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया, जिसमें हिंदी भाषा और साहित्य के विकास पर चर्चा की गई। इसमें बताया गया कि कैसे हिंदी भाषा ने देश की एकता और अखंडता को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

अंत में, संस्थान के रजिस्ट्रार कर्नल अभय राजवंशी जी ने सभी को हिंदी दिवस की शुभकामनाएं दीं और कार्यक्रम की सफलता के लिए सभी का धन्यवाद किया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि हिंदी दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य हमारी मातृभाषा के प्रति सम्मान और गर्व को जागृत करना है।

इस आयोजन ने हिंदी भाषा के प्रति छात्रों में नई ऊर्जा का संचार किया और उन्हें अपनी भाषा और संस्कृति के प्रति गौरव का अनुभव कराया।

हिंदी दिवस पर कार्यक्रम की झलक

डॉ योगेश कुमार (सहायक आचार्य)
कार्यक्रम प्रभारी

डॉ अभिलाषा गौतम
प्राचार्या